

## छोटे बेटे जेह के आने के बाद से तैमूर में आए कैसे बदलाव

सैफ अली खान और करीना कपूर अपने दूसरे बच्चे के पैरेंट्स बनने के बाद से इस नई लाइफ को खूब इंजॉय कर रहे हैं। सैफ अली खान ने हाल ही में बताया कि जेह के आने के बाद से उनका बड़ा बेटा तैमूर काफी जिम्मेदार हो गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सैफ अली खान ने एक न्यूज पोर्टल से बातचीत में कहा कि तैमूर पहले छोटा था, लेकिन अब नहीं रहा। सैफ ने कहा कि तैमूर में यकीनन बदलाव आया है और अब वह ज्यादा जिम्मेदार हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि तमूर जॉम्बीज और आर्मी वाली फिल्मों को काफी इंजॉय करता है और अपने भाई को खूब हंसाता है। इस बारे में और बातें करते हुए सैफ ने कहा कि वह खुद को लकी मानते हैं और वाइफ करीना के साथ–साथ छोटे बेटे की कंपनी को खूब इंजॉय कर रहे हैं। सैफ ने यह भी कहा कि एक वक्त ऐसा था कि वह काम में इस कदर डूबे रहते थे कि उन्हें पता नहीं था कि हॉलिडे क्या होता है और फिर लॉकडाउन में उन्हें पका लगा कि यह क्या है। उनके मुताबिक, लाइफ में एक फेज होता है जब और पाने की चाहत खत्म नहीं होती और इसका कोई अंत नहीं होता।

## फीस भरने के लिए सड़क पर गाना गा रहा था लड़का

सोशल मीडिया पर एक इमोशनल कर देने वाला वीडियो खूब वायरल हो रहा है। एक लड़का सड़क पर श्जुर्मश फिल्म का गीत जब कोई बात बिगड़ जाए गुनगुना रहा है। हाथ में गिटार है। पैरों के पास स्पीकर्स रखे हैं। सामने जमीन पर गूगल पे और यूपीआई का फ्त कोड भी चिपका हुआ है। इस वीडियो ने न सिर्फ आम जनता, बल्कि बॉलिवुड से रितिक रोशन और कुणाल कपूर का भी दिल धड़का दिया है। इसकी एक वजह सुरीले गीत से ज्यादा कुछ और है। इंस्टाग्राम और ट्विटर पर इस वीडियो को पोस्ट किया है। साथ में कैप्शन लिखा है, जब टैलेंट और तकनीक का मेल होता है तो अनंत संभावनाएं सामने होती हैं। इस 2 मिनट 10 सेकेंड के वीडियो क्लिप में जो लड़का है, उसका नाम शकील बताया जा रहा है। वीडियो में शकील के आसपास भीड़ है और सभी उसकी तारीफ कर रहे हैं। कुछ लोग क्यूआर कोड को स्कैन कर शकील की मदद भी मदद कर रहे हैं। इस वीडियो में सबसे दिल छू लेने वाली बात यह है कि क्यूआर कोड के साथ एक मेसेज लिखा है।

## करन कुंद्रा पर बरसे जय भानुशाली– अबे तू चढ़ मत मेरे पर, मैं सही हूं




करन कुंद्रा, जय भानुशाली को समझाने की कोशिश करते हैं कि प्रतीक सहजपाल के साथ लड़ाई में वह गलत थे और उन्होंने उनकी मां को गाली देकर अच्छा नहीं किया। इस पर जय भड़क जाते हैं और करन पर ही चिल्लाने लगते हैं।

बिग बॉस 15 के लेटेस्ट एपिसोड में जो हुआ है, उसके बाद से सोशल मीडिया पर भी खूब हंगामा मचा हुआ है। हाल ही के एपिसोड में जय भानुशाली ने प्रतीक सहजपाल की मां को गाली दे दी थी। इस बात पर खूब बवाल मचा। प्रतीक बुरी तरह रोने लगे और उन्होंने खुद को कई थप्पड़ भी मारे। इस मामले पर करन कुंद्रा ने जय भानुशाली को समझाने की कोशिश की। पर जय भानुशाली, करन पर भी बरस पड़े और सुना दिया। अब प्रतीक का पक्ष लेने पर करन कुंद्रा और जय भानुशाली के बीच जो हुआ है, उसे देखकर लग रहा है कि दोनों की दोस्ती टूटने वाली है। इस पूरे वाकये को 13 अक्टूबर के एपिसोड में दिखाया जाएगा, जिसका मेकर्स ने प्रोमो रिलीज किया है। प्रोमो में करन कुंद्रा, जय भानुशाली को समझाते हुए कहते हैं कि प्रतीक की कोई गलती नहीं थी और जय की गलती थी। इस पर जय बोलते हैं, श्मुझे तू गलत मत बोल। मुझे मालूम है मैं सही हूं। कोई मुझे सपॉर्ट करे या ना करे, मुझे उससे कोई मतलब नहीं है।

# हार के बाद आर्यन के गालों पर सूख गए थे आंसू

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



## तब स्कूल की फुटबॉल टीम के कैप्टन थे आर्यन खान

*शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान पिछले कुछ दिनों से मुश्किल में फंसे हैं। आर्यन को मुंबई तट पर क्रूज पर हो रही रेव पार्टी में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आर्यन खान एनसीबी की कस्टडी के बाद अब न्यायिक हिरासत में हैं और उनके जमानत पर सुनवाई चल रही है। यहां आर्यन खान के बचपन की कुछ तस्वीरें लेकर आए हैं, जिसमें 11 साल के आर्यन के गालों पर आंसू की धार सूख चुकी है। वह इन तस्वीरों में काफी उदास और मायूस दिख रहे हैं। इस मायूसी के पीछे खास वजह भी थी।*

**आर्यन के बचपन की ये तस्वीरें स्कूल की हैं**
आर्यन खान के बचपन की ये तस्वीरें उनके स्कूल की हैं। अन्य स्टार किड्स की तरह आर्यन ने भी स्कूली पढ़ाई धीरूभाई अंबानी इंटरनैशनल स्कूल से की है। इन तस्वीरों में 11 साल के आर्यन उदास और मायूस नजर आ रहे हैं, जिसकी वजह हार है। ये तस्वीरें साल 2008 की हैं।

**स्कूल के फुटबहल टीम के कैप्टन थे आर्यन**
दरअसल आर्यन अपने स्कूल धीरूभाई अंबानी में स्टार थे और उन्हें स्कूल के फुटबॉल टीम का कैप्टन चुना गया था। ये तस्वीरें उस मैच की है जब उनके स्कूल की टीम को मुंबई के दूसरे बड़े स्कूल सेंट जेवियर्स की टीम से भिड़ना था।

**आर्यन ने किए थे खूब गोल**
खेल काफी रोमांचक रहा और इस मैच में आर्यन खान ने शानदार गोल भी करके दिखाया। हालांकि, काफी कोशिशों के बाद भी आर्यन की टीम हार गई और सेंट जेवियर्स पहले नंबर पर रहा।





**आर्यन खान की टीम सेकंड पोजिशन पर**
आर्यन खान की टीम सेकंड पोजिशन पर रही और जब वह कप लेने पहुंचे तो उनके चेहरे पर थोड़ी खुशी नजर आई। आर्यन खान के हाथ पर कैप्टन आर्मबैंड बंधा था।

**सेकंड प्राइज हाथ में लिए आर्यन खान**
खेल में सेकंड प्राइज हाथ में लिए आर्यन खान की इन तस्वीरों में भी उनके चेहरे पर आंसुओं की धार नजर आ रही है। तस्वीरें बता रही हैं कि आर्यन स्कूल में खेल में हार पर किस कदर रोए थे। इस वक्त आर्यन के सामने एक बड़ी जंग है, जहां वह ड्रग्स केस के आरोप में जेल में कैद हैं।

**इंडिया और अहस्ट्रेलिया का मैच देखने पहुंचे थे ये बच्चे**
आर्यन और कई स्टार किड्स साथ–साथ पले बढ़े हैं। यह तस्वीर उस समय की है जब 20 अक्टूबर 2007 को सैफ अली खान और शाहरुख अपने बच्चों को लेकर मुंबई के सीसीआई स्टेडियम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के बीच रोमांचक मैच देखने पहुंचे थे।

**आर्यन को लेकर परेशान हैं शाहरुख और गौरी**
बता दें कि आर्यन इस वक्त आर्थर रोड जेल में हैं और ऐसे में शाहरुख खान और गौरी की नींद गायब हो चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख की फैमिली से जुड़े एक सोर्स ने बताया कि बेटे आर्यन की गिरफ्तारी के बाद शाहरुख और गौरी, आर्यन की सेहत के बारे में जानने के लिए एनसीबी अधिकारियों को दिन भर में कई बार कॉल करते हैं। उन्होंने जेल में आर्यन के लिए घर का बना खाना और कुछ सामान भी भेजा था, जिसे वहां एंट्री नहीं मिल पाई थी।

# प्रभास ने संदीप रेड्डी वंगा की फिल्म के लिए बढ़ाई फीस, मांगे 150 करोड़



*खबर है कि ऐक्टर प्रभास ने संदीप रेड्डी वंगा की आने वाली फिल्म स्पिरिट के लिए 150 करोड़ रुपये की फीस मांगी है और मेकर्स तैयार भी हो गए हैं। प्रभास ने अब तक साइन की फिल्मों के लिए 100–100 करोड़ की फीस ली है। इस वक्त साउथ फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास जबरदस्त चर्चा में हैं। इस वक्त उनके पास कई फिल्में हैं, जिनकी शूटिंग के लिए वह हैदराबाद से मुंबई के चक्कर लगा रहे हैं।*

कुछ दिन पहले ही प्रभास ने कबीर सिंह और अर्जुन रेड्डी फिल्म के डायरेक्टर संदीप रेड्डी वंगा के साथ एक फिल्म की घोषणा की थी। उस अनाउंसमेंट से फैन्स ऐक्साइटेड हो गए थे। लेकिन अब जो खबर आ रही है, वह उनके होश उड़ा देगी। खबर है प्रभास ने संदीप रेड्डी वंगा की फिल्म स्पिरिट के लिए 150 करोड़ रुपये की फीस मांगी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रभास ने अपनी फीस बढ़ा दी है। सोर्सेस ने बताया कि प्रभास अपनी अब तक की फिल्मों के लिए 100 करोड़ रुपये लेते रहे हैं, लेकिन संदीप रेड्डी वंगा की फिल्म के लिए उन्होंने 150 करोड़ की मोटी फीस मांग ली है। खबर है कि मेकर्स प्रभास को इतनी फीस देने के लिए मान भी गए हैं।

बता दें कि श्स्पिरिटश के अलावा प्रभास आदिपुरुष, श्प्रॉजेक्ट ऋश और श्सालारश जैसी फिल्मों में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रभास के पास कुछ और प्रॉजेक्ट्स भी हैं, जिन्हें लेकर बात चल रही है। वह जल्द ही इन प्रॉजेक्ट्स की अनाउंसमेंट करेंगे। वहीं बात करें संदीप रेड्डी वंगा की फिल्म श्स्पिरिटश की तो इस फिल्म को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, मंदारिन, कोरियन और जापानी भाषा समेत 8 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। प्रभास अगले साल इस फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे।